सांवलिया पार्श्वनाथ भगवान द्वार का उद्घाटन व सत्तर भेदी पूजा

बीकानेर,(कासं)। खरतर गच्छाधिपति, आचार्य जिन मणिप्रभ सूरिश्वर महाराज, गणिवर्य मयंक प्रभ सागर, मेहुल प्रभ सागर, मुनि मंथन प्रभ सागर, बालमुनि मीत प्रभ सागर, पार्श्वचंद्र की वयोवृद्ध साध्वी पदम प्रभा व सुव्रता श्रीजी, खरतरगच्छ संघ के साध्वी दीपमाला व शंख निधि,श्रावक-श्राविकाओं के चतुर्विद संघ की साक्षी में सोमवार को गंगाशहर के 177 वर्ष प्राचीन श्री सांवलिया पार्श्वनाथ जिनालय (गोल मंदिर में द्वार उद्घाटन व श्री सत्तर भेदी पूजा भक्ति संगीत के साथ हुई।

भगवान पार्श्वनाथ मंदिर जीर्णोद्धार ट्रस्ट व सेठ फौजराज बांठिया पार्श्वनाथ जैन मंदिर ट्रस्ट, गंगाशहर बीकानेर के तत्वावधान में आयोजित अंजनशलाका प्रतिष्ठा महोत्सव के सभी कार्यक्रम पूजा के बाद संपन्न हुए। पूजा में गच्छाधिपति आचार्य जिन मणिप्रभ सूरिश्वर, गणिवर्य मेहुल प्रभ सागर की निश्रा में पार्श्वचंद्र गच्छ की महिला मंडल की श्राविकाओं ने विभिन्न राज व तर्जों में भक्ति गीत के साथ पूजा की। द्वार उद्घाटन व पूजा में सेठ फौजराज बांठिया परिवार के श्रावक-श्राविकाओं के साथ बीकानेर, गंगाशहर, भीनासर तथा देश प्रदेश के विभिन्न स्थानों से आये श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया।

सांवलिया पार्श्वनाथ भगवान द्वार उद्घाटन के बाद सत्तर भेदी पूजा करते पार्श्वचंद्र गच्छ महिला मण्डल की श्राविकाएं।

- सांवलिया पार्श्वनाथ द्वार उद्घाटन व पूजा में फौजराज बांठिया परिवार के श्रावक-श्राविकाओं के साथ बीकानेर, गंगाशहर, भीनासर तथा देश प्रदेश के विभिन्न स्थानों से आये श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया

सेठ फौजराज बांठिया पार्श्वनाथ जैन मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष धनपत सिंह बांठिया के नेतृत्व में 58 फीट ऊंची मूलनायक श्री सांवलिया पार्श्वनाथ भगवान के जिनालय के शिखर पर ध्वज पूजन करवाया। खरतरगच्छाधिपति, आचार्यश्री जिनमणिप्रभ सूरिश्वर महाराज, गणिवर्य मयंक प्रभ सागर, मेहुल प्रभ सागर, मुनि मंथन प्रभ सागर, बालमुनि मीत प्रभ सागर, पार्श्वचन्द्र की वयोवृद्ध साध्वी पदम प्रभा व सुव्रताश्रीजी, खरतरगच्छ संघ के साध्वी दीपमाला व शंखनिधि श्रीजी सोमवार को नाल जिन कुशल दादाबाड़ी में दर्शन वंदन करते हुए जैसलमेर के प्रस्थान किया। जैसलमेर में 6 से 8 मार्च तक दादा गुरूदेव का चादर महोत्सव होगा। गच्छाधिपति आचार्यश्री जिन मणि प्रभ सूरिश्वर को भगवान श्रीपार्श्वनाथ मंदिर जीर्णोद्धर ट्रस्ट व भगवान श्री पार्श्वनाथ मंदिर के अध्यक्ष धनपत सिंह बांठिया, रविन्द्र, मनोज, संजय, शीबूजी बांठिया, चिंतामणि जैन मंदिर प्रन्यास के अध्यक्ष हरीश नाहटा, पदाधिकारी, खरतरगच्छ युवा परिषद के अध्यक्ष अनिल सुराणा, मंत्री विक्रम भुगड़ी, खरतरगच्छ महिला परिषद की सदस्याएं, गंगाशहर, भीनासर, बीकानेर के श्रावक-श्राविकाओं, सुगनजी महाराज का उपासरा ट्रस्ट के सदस्यों ने विदाई दी। उन्होंने मुरलीधर व्यास कॉलोनी में बाड़मेर के श्रावक भूरमल भंसाली के निवास पर मंगल आशीर्वाद देते हुए नाल की ओर विहार किया।

वहीं जैन महासभा बीकानेर के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह सोमवार को आध्यात्मिक और उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दात्री रामेश्वरानंद ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष कन्हैयालाल बोथरा को शपथ दिलाई।

विभिन्न कार्यों का लोकार्पण-शिलान्यास आज

बीकानेर, (कासं)। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा मंगलवार को लूणकरनसर विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर रहेंगे और विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास करेंगे।

गोदारा मंगलवार को प्रातः 10 बजे पनपालसर में 33/11 के.वी. के जी.एस.एस का लोकार्पण करेंगे। वे प्रातः 11.30 बजे शेरेरा में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में 36 लाख रूपए से निर्मित तीन कक्षा कक्षों, 67.50 लाख की लागत की लैब, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में चिकित्सा एवं अन्य स्टाफ के लिए 45 लाख रूपये की लागत से बनने वाले तीन कमरों का शिलान्यास करेंगे।

खाद्य मंत्री दोपहर 12.30 बजे हेमेरा में 10 लाख रूपए से तैयार सीसी ब्लॉक कार्यों, सार्वजनिक श्मशान भूमि के 10 लाख रूपयों के विकास कार्यों वार्ड नंबर 6 में 10 लाख 20 हजार रूपये से सामुदायिक भवन से चोखाराम मूंड के घर की ओर सीसी ब्लॉक सड़क मय चौक निर्माण कार्यों, राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में 3 लाख रूपये से शौचालय, राजकीय पशु चिकित्सालय में 10 लाख रूपये की लागत से निर्माण एवं अन्य विकास कार्यों, ट्यूबवैल का लोकार्पण तथा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में 48 लाख रूपये में निर्मित चार कक्षा कक्षों का शिलान्यास करेंगे।

सार-समाचार

बच्चों ने की घायल परिंदे की सेवा

करूणा टीम की गाइड दीपिका ने अपने भाईयों की मदद से कुत्ते से कपोत के बच्चे को छुड़ाया।

बीकानेर, (कासं)। स्थानीय शांति विद्या निकेतन मा. विद्यालय शीतला गेट के बाहर बीकानेर की करूणा क्लब टीम और स्काउट गाइड अपने सेवा कार्य में अनवरत तैयार रहती है। करूणा टीम की गाइड दीपिका अपने भाई महादेव के साथ सांयकाल के समय घर से बाजार जा रही थी कि अचानक उसकी नजर एक कुत्ते पर पड़ी जिसने एक नन्हें कपोत को मुंह में दबाए हुए भाग रहा था। अपने भाई रामकुमार और तेजवीर की सहायता से उस कपोत के बच्चे को छुड़ाया और घर ले जाकर शाला के कब मास्टर रमेश कुमार मोदी को सूचना दी। इस सूचना पर शाला प्रधान हनुमान छींपा, कब मास्टर रमेश कुमार मोदी एवं करूणा प्रभारी सौरभ बजाज ने स्प्रे एवं डिटॉल लगाते हुए चिकित्सा की। किन्तु वर्तमान में पुनर्वास की स्थिति में न होने के कारण उसे दीपिका द्वारा सेवा कार्य अनवरत जारी है। इस प्रकार हमारी करूणा टीम और स्काउट गाइड टीम सेवा कार्यों के लिए तैयार रहती है। संस्था के कब मास्टर रमेश कुमार मोदी ने बताया कि गत वर्ष भी करूणावान बालक-बालिकाओं को सेवा कार्यों के लिए करूणा क्लब के वार्षिक अधिवेशन में सम्मानित किया गया। जिससे प्रेरणा लेकर विभिन्न विद्यार्थी भी निरंतर सेवा कार्य कर रहे हैं

परीक्षा पर चर्चा का प्रसारण देखा

शिक्षा निदेशक सीताराम जाट ने विद्यार्थियों के साथ 'परीक्षा पर चर्चा' का सीधा प्रसारण देखा।

बाकानर, (कास)। प्रधानमत्रा नरन्द्र मादा क बहुउद्दशाय कायक्रम 'परीक्षा पर चर्चा' के नौवें संस्करण का द्वितीय एपीसोड सोमवार को प्रसारित हुआ। माध्यमिक एवं प्रारम्भिक शिक्षा निदेशक सीताराम जाट ने हल्दीराम राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय (अंग्रेजी माध्यम) सूरसागर के विद्यार्थियों के साथ इसका सीधा प्रसारण देखा। इसके बाद उन्होंने विद्यार्थियों से परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम पर आपसी संवाद किया। संवाद के दौरान निदेशक ने विद्यार्थियों को तनाव रहित रहने और विषय का लगातार अभ्यास आदि करने की बात कही। इस दौरान संयुक्त निदेशक सुनीता चावला, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी महेन्द्र, जिला शिक्षा अधिकारी, माध्यमिक और प्रारंभिक किशन दान चारण, स्टॉफ ऑफिसर डॉ. अशोक शर्मा, अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी शिवशंकर चौधरी, विद्यालय के प्रधानाचार्य परमेश्वर स्वामी आदि उपस्थित थे।

पूर्व प्राचार्य घनश्याम अत्रे का सम्मान

पूर्व प्राचार्य प्रो. घनश्याम अत्रे का सम्मान करते प्राचार्य प्रो. राजेन्द्र पुरोहित।

बीकानेर, (कासं)। राजकीय डूंगर महाविद्यालय के पूर्व छात्र परिषद द्वारा पूर्व प्राचार्य एवं भौतिकी के विद्वान डॉ.घनश्याम अत्रे का सम्मान समारोह प्राचार्य कक्ष में आयोजित किया गया। इस अवसर पर संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ. पुरोहित ने कहा कि अतीत के स्वर्णिम अध्याय ही स्वर्णिम भविष्य का आधार होता है। प्रो. अत्रे के महती शैक्षणिक एवं भौतिक प्रयास आज के समृद्ध शैक्षिक केन्द्र डूंगर महाविद्यालय का आधार है। कार्यक्रम में पूर्व प्राचार्य डॉ.जी. पी. सिंह एवं डॉ. शिशिर शर्मा ने प्रो.अत्रे के पूर्व संस्मरण साझा किए। इस अवसर पर पूर्व प्राचार्य प्रो. अत्रे ने कहा कि निष्ठा के साथ कर्मरत रहकर ही संस्थान को शिखर तक पहुंचाया जा सकता है। उन्होंने अपने विगत अनुभवों से रूबरू करवाते हुए वर्तमान संकाय सदस्यों को अभिप्रेरित किया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ.पुरोहित ने शॉल एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर प्रो. अत्रे का अभिनंदन किया। कार्यक्रम में समाजसेवी एडवोकेट पाराशर नारायण शर्मा, राजकीय महाविद्यालय गंगाशहर की प्राचार्य डॉ. बबीता शर्मा, संकाय सदस्य प्रो.चंद्रशेखर शर्मा, प्रो. स्मिता जैन, प्रो. सोनू शिवा एवं अनेक विद्वान संकाय सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में आभार ज्ञापन स्टाफ सचिव प्रो.योगेन्द्र सिंह ने किया तथा कार्यक्रम का संचालन प्रो.कैलाश स्वामी ने किया।

आंदोलनकारी बोले अब भी कट रही खेजड़ी, प्रशासन कुछ नहीं कर रहा

बीकानेर, (कासं)। बीकानेर में चल रहे खेजड़ी बचाओ आंदोलन में कलश यात्रा शुरू हो गई है। इसके साथ ही जयपुर में मुख्यमंत्री से मिलने के बाद संत भी बीकानेर पहुंचे। अब आंदोलन के आगे की रूपरेखा तय की जायेगी। इस बीच बीकानेर में ही कई गांवों में खेजड़ी काटने के मामले सामने आ रहे हैं।

- बीकानेर में चल रहे खेजड़ी बचाओ आंदोलन में कलश यात्रा शुरू, एक महिला 35 तोला सोने के आभूषण पहनकर आई
- जयपुर में मुख्यमंत्री से मिलने के बाद संत भी बीकानेर पहुंचे। अब आंदोलन के आगे की रूपरेखा तय की जायेगी

आंदोलन के संयोजक परसराम बिश्नोई ने बताया कि संत समाज मुख्यमंत्री से वार्ता करने के लिए जयपुर गए हैं। वो आज महापड़ाव स्थल पर पहुंचेंगे। इसके बाद ही तय होगा कि आगे क्या करना है। उन्होंने बताया क्रमिक आमरण अनशन लगातार चल रहा है। सोमवार को भी डेढ़ सौ पर्यावरण प्रेमी क्रमिक अनशन पर पहुंच गए हैं। बिश्नोई ने कहा कि लगातार खेजड़ी काटने के मामले सामने आ रहे हैं। प्रशासन कुछ नहीं कर पा रहा है।

कलश यात्रा में बुजुर्ग महिलाएं भी शामिल हुई। वे मंगल गीत गाती हुई चल रही थी। यात्रा में एक महिला 35 तोला सोना करीब 52 लाख कीमत के आभूषण पहनकर शामिल हुई। उसने कहा कि समाज हमारे साथ है तो हमें किस बात का डर है। बिश्नोई समाज का रिवाज है, इसमें सोना पहना जाता है। महिला ने बताया कि अभी उसने 35 तोला सोना पहना है। घर पर तो नहीं पहनते। खास मौके पर ही पहन कर बाहर निकल सकते हैं। इतनी भारी ज्वैलरी हमेशा पहनना मुश्किल होता है।

महापड़ाव में महिलाओं का हुजूम उमड़ पड़ा। कलश यात्रा के लिए पुलिस ने रोड पर बैरिकेडिंग भी की। कलश यात्रा की शुरूआत महादाव स्थल से हुई जो कोटगेट से वापस होकर मनःपदाव स्थल तक लौटी। खेजड़ी बचाने के लिए राजस्थान में बीकानेर से शुरू हुआ आंदोलन हनुमानगढ़, श्रीगंगानगर और जालोर तक पहुंच गया है। इन जिलों में लोगों की ओर से धरने दिए जा रहे हैं। हालांकि बीकानेर में ही खेजड़ी काटने का मामला सामने आया है। कलश यात्रा में महिलाएं नारे लगाती हुई चल रही थी। नारों में पेड़ की रक्षा कौन करेंगे- हम करेंगे, हम करेंगे। कलश यात्रा में महिलाएं गीत गाती हुई चल रही थी। संतों के अनुसार आज भाषण कम और भजन ज्यादा किए जायेंगे ताकि महापड़ाव में श्रद्धालु भी शामिल हो सके। मंच पर भी भजन गायक आये हैं और कलश यात्रा में भी भजन चल रहे थी।

पर्यावरण प्रेमी स्व. राधेश्याम विश्नोई की माता और पत्नी, जो पिछले तीन दिन से अनशन पर थीं, उनकी तबीयत बिगड़ने के बाद उन्हें हॉस्पिटल में भर्ती कराना पड़ा है।

करंट लगने से एक जने की मौत

सूरतगढ़, (कासं)। त्रिमूर्ति मंदिर रोड पर पुलिस चौकी के पास सोमवार को ट्रांसफॉर्मर से करंट लगने के कारण एक व्यक्ति की मौत हो गई।

मृतक की पहचान वार्ड नं. 40 निवासी मोहम्मद अली पुत्र अली शेर के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि ट्रांसफॉर्मर के नंगे तारों की चपेट में आने से यह हादसा हुआ। सूचना मिलने पर सिटी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी में रखवाया। बताया जा रहा है कि मृतक मोहम्मद अली बाजार में सब्जी की रेहड़ी लगाकर अपने परिवार का पालन-पोषण करता था।

घटना के बाद स्थानीय लोगों में विद्युत विभाग के प्रति भारी आक्रोश देखने को मिला। घटना से गुस्साए लोगों ने त्रिमूर्ति मंदिर रोड पर धरना लगाकर रास्ता जाम कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने विद्युत विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए मृतक के परिजनों को 25 लाख रूपए मुआवजा देने और लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।

धरने में पूर्व पार्षद मोहम्मद फारूक, कांग्रेस नेता सिकंदर खान, किशन बेनीवाल सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी मौजूद थे।

सब्जी मंडी में लगी आग से कई दुकानें जली

बीकानेर,(कासं)। जिले के खाजूवाला में रविवार देर रात सब्जी मंडी में आग लग गई। इस हादसे में कई दुकानें भी जल गई। आग की लपटें देख अफरा-तफरी मच गई।

- 11 हजार केवी लाइन के नीचे बनाई थी अस्थाई दुकानें, शॉर्ट सर्किट से लगी आग
- गोगामेड़ी सब्जी मंडी में देर रात अचानक आग लगी, सिलेंडरों को निकाला वरना विस्फोट हो सकता था

हादसा बीती रात करीब 12 बजे हुआ। बताया जा रहा है कि जहां ये हादसा हुआ वहां से 11 हजार केवी की लाइन गुजर रही है। इस लाइन में शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका जताई जा रही है। जानकारी के अनुसार गोगामेड़ी सब्जी मंडी में देर रात करीब बारह बजे अचानक आग लग गई। आग की लपटें दूर तक दिखाई दी। ये अस्थायी दुकानें कपड़े से बनी हुई है, जिसने तुरंत आग को बढ़ा दिया। शॉर्ट सर्किट से खोखा-छप्पर में आग पहुंच गई। कपड़ों के कारण आग तेज गति से विकराल रूप में पहुंच गई। देर रात गश्त पर निकली खाजूवाला पुलिस ने तुरंत मौके पर पहुंचकर फायर ब्रिगेड को बुलाया।

फायर ब्रिगेड भी तत्परता से पहुंची। इसके बाद आग पर काफी मशक्कत के बाद नियंत्रण किया। देर रात तक रूक- रूककर आग की लपटें नजर आती रही। सब्जी मंडी में एक दुकान चाय की थी, जिसमें गैस से भरे सिलेंडर रखे हुए थे। ग्रामीणों ने रात में ही इन सिलेंडर को बाहर निकाला। इन तक आग पहुंचने पर विस्फोट से जनहानि भी हो सकती थी। गरीब दुकानदारों को आग से काफी नुकसान हुआ है। बची हुई सब्जी भी जलकर राख हो गई। दुकानें भी फिर से तैयार करनी पड़ेगी। दुकानों में रखा कीमती सामान भी जलकर राख हो गया।

सूने मकान से लाखों के जेवर चोरी

बीकानेर, (कासं)। जयनारायण व्यास कॉलोनी थाना क्षेत्र में चोरी की घटना सामने आई। एक मकान की मालकिन अपने काम से दिल्ली गई हुई थी। वापस लौटी तो देखा घर में चोरी हो गई है। लाखों रूपए के सोने-चांदी के जेवरात चोर ले गए। घर के ताले भी टूटे हुए थे। पुलिस ने एफआईआर दर्ज करके छानबीन शुरू कर दी है।

- मकान मालिक दिल्ली गई थी, वापस लौटी तो देखा लाखों के जेवरात चोर ले गए

जयनारायण व्यास कॉलोनी थाना क्षेत्र के चौथे सेक्टर में रहने वाली निशा सिंह ने एफआईआर में कहा है कि वो पांच जनवरी से करीब एक महीने तक दिल्ली में थी। रविवार को वो अपने घर पहुंची तो देखा कि ताले टूटे हुए हैं। घर के अंदर सामान बिखरा हुआ था। आलमारी को चैक किया तो उसमें सोने-चांदी के आभूषण नदारद थे। निशा सिंह ने बताया कि उसके यहां से पंद्रह हजार रूपए कैश, चांदी के बीस-पच्चीस सिक्के, जिसमें कुछ दस ग्राम के तो कुछ पांच ग्राम के थे। इसके अलावा सोने की अंगूठी दो, चांदी की पायल चार, चांदी की बिछुड़ी, चांदी का प्याला भी चोरी हो गया। इसके अलावा एक निकोन कैमरा भी चोर ले गए।

एक महीने के अंतराल में हुई इस चोरी का पता लगाना पुलिस के लिए मुश्किल हो गया है। दरअसल एक महीने के सीसीटीवी फुटेज भी पुलिस को नहीं मिल रहे हैं। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। अब तक पुलिस के हाथ कुछ भी नहीं लगा है।

एमजीएसयू में यूजी की परीक्षाएं 11 से

बीकानेर, (कासं)। महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय की ओर से स्नातक सेमेस्टर दिसंबर -2025 की परीक्षा 11 फरवरी से शुरू होगी।

परीक्षा नियंत्रक प्रो. राजाराम चोयल ने बताया कि परीक्षा में आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड कर दिए गए हैं। परीक्षा दो पारियों में होगी। पहली पारी में सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे और दूसरी पारी में दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक परीक्षा होगी। उधर परीक्षा नियंत्रक ने बताया कि स्नातक परीक्षा के टाइम टेबल में प्रतियोगी परीक्षा के चलते आंशिक बदलाव किया गया है। विद्यार्थियों के प्रवेश पत्र और विवि की वेबसाइट पर भी अपडेट टाइम टेबल अपलोड किया गया है। पीजी की परीक्षाएं 18 फरवरी से शुरू होगी।

मुकाम पीठाधीश्वर स्वामी रामानंद की गाड़ी पलटी

नोखा, (कासं)। मुकाम पीठाधीश्वर स्वामी रामानंद महाराज की गाड़ी स्टेट हाईवे 20 पर जसरासर के पास पलट गई। महाराज जयपुर से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से खेजड़ी कटाई को लेकर कानून बनाने के संबंध में मुलाकात के बाद मुकाम लौट रहे थे।

- सी.एम. से खेजड़ी कटाई को लेकर कानून बनाने के संबंध में मुलाकात के बाद मुकाम लौट रहे थे
- नीलगाय गाड़ी के सामने आने से हुआ हादसा

यह दुर्घटना उस समय हुई जब अचानक एक नीलगाय गाड़ी के सामने आ गई, जिससे चालक का संतुलन बिगड़ गया और स्कॉर्पियो गाड़ी पलट गई। इस हादसे में गाड़ी को काफी नुकसान पहुंचा है। गाड़ी में महाराज सहित तीन लोग सवार थे। स्वामी रामानंद के एक हाथ में चोट आई है। जबकि अन्य सभी सुरक्षित हैं। उनके पीछे चल रही एक अन्य गाड़ी में सवार मांगीलाल मंडा, बस्तीराम खीचड़ और भागीरथ मंडा ने दुर्घटनाग्रस्त गाड़ी से सभी को सुरक्षित बाहर निकाला। प्राथमिक जांच के लिए उन्हें जसरासर अस्पताल ले जाया गया, जिसके बाद वे मुकाम आश्रम लौट आए। जानकारी के अनुसार स्वामी रामानंद आज बीकानेर में होने वाले महापड़ाव में शामिल होंगे। मुकाम पीठाधीश्वर स्वामी रामानंद महाराज की स्कॉर्पियो का बीकानेर लौटते हुए जसरासर-कातर एक्सीडेंट हो गया। हादसे में स्वामी रामानंद महाराज बाल बाल बचे। कल देर रात जयपुर से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मुलाकात के बाद वापस मुकाम लौट रहे थे। कल खेजड़ी कटाई पर प्रतिबंध को लेकर जयपुर में बैठक हुई थी। हादसे की सूचना मिलते ही बंधाला सरपंच बस्तीराम बिश्नोई और अन्य तत्काल मौके पर पहुंचे। उन्हें स्कॉर्पियो से सुरक्षित बाहर निकाला गया। इसके बाद प्राथमिक उपचार के लिए अस्पताल लाया गया। गंगाशहर की लाजवंती बिश्नोई ने आयोजकों को पेंटिंग भेंट की। इसमें अमृता देवी को खेजड़ी की रक्षा करते बताया गया है।

कविता संग्रह 'ई बात रो झोड़ है' का लोकार्पण

बीकानेर, (कासं)। राजस्थानी एवं हिन्दी के हास्य-व्यंग्य कवि बाबूलाल छंगाणी बमचकरी के सद्य प्रकाशित राजस्थानी कविता संग्रह 'ई बात रो झोड़ है' का लोकार्पण रविवार को गजनेर के झंवर पैलेस सभागार में किया गया।

बीकानेर के गायत्री प्रकाश से प्रकाशित इस कविता संग्रह के विमोचन समारोह के मुख्य अतिथि कवि कथाकार राजेन्द्र जोशी ने कहा कि गजनेर के जाये- जन्मे बाबूलाल छंगाणी आज बीकानेर में अपनी पीढ़ी के इकलौते हास्य-व्यंग्य कवि हैं। इनकी कविताएं शुद्ध हास्य के साथ ही करारे कटाक्ष भी करती हैं। जोशी ने कहा कि छंगाणी ने बड़े मंचों पर प्रस्तुति देकर बीकानेर को गौरवान्वित किया है। अध्यक्षता करते वरिष्ठ साहित्यकार, पत्रकार एवं रंगकर्मी मधु आचार्य ने कहा कि बाबूलाल छंगाणी को केवल हास्य कवि कहना उनके बहुआयामी सृजन को सीमित करने जैसा है।

सामाजिक सहभागिता से ही समाज का उत्थान संभव : श्याम श्रीमाली

बीकानेर, (कासं)। माता महालक्ष्मी मन्दिर के 116 वर्ष स्थापना दिवस पर श्रीमाली ब्राह्मण समाज द्वारा महालक्ष्मी मन्दिर बेणीसर बारी के बाहर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए श्रीमाली समाज अध्यक्ष श्याम श्रीमाली ने कहा कि हमारे पूर्वजों ने जो बीज रूप में इस मन्दिर की स्थापना की वह आज वटवृक्ष के रूप में हमारे सामने है। और आज हम इसी वटवृक्ष की छाया में समाज हित के कार्य कर रहे हैं। यह सब उन्हीं दिवंगत महाविभूतियों की सोच एवं परिकल्पना से ही सम्पन्न हुआ है। समय के साथ-साथ समाज का विकास हुआ, लोग समाजिक सरोकारों से जुड़ने लगे। आज हमारे सामने यह भव्य मन्दिर एवं भवन सभी समुदायों के लिए उपलब्ध हो पाया है।

श्रीमाली ने कहा कि सामाजिक सहभागिता से ही समाज का उत्थान किया जा सकता है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि समाजसेवी भारत प्रकाश श्रीमाली ने कहा कि समाज के हर आयुवर्ग के लोगों को सामाजिक सरोकारों से जुड़ना चाहिए। जिससे समाज का विकास होता है तथा आने वाली पीढ़ी को मार्गदर्शन मिलता है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शिक्षाविद् श्रीदत्त दवे ने कहा कि हमें शिक्षा के साथ-साथ समाज हित जैसे कार्यों से जुड़ना चाहिए। हमें अपनी नैतिक जिम्मेदारियों के साथ-साथ समाज की जिम्मेदारियां भी उठानी चाहिए। इस प्रकार हम मजबूत एवं संगठित समाज की परिकल्पना कर सकते हैं।

बीकानेर में माता महालक्ष्मी मंदिर के स्थापना दिवस पर श्रीमाली समाज की प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी रमेश श्रीमाली ने कहा कि समाज द्वारा विभिन्न पौराणिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में ज्यादा से ज्यादा संख्या में उपस्थिति दर्ज करवाकर अपनी सहभागिता सुनिश्चित करनी चाहिए। जिससे हम युवा पीढ़ी को अपने सास्कृतिक मूल्यों से अवगत करवा सकेंगे। इस अवसर पर सामाजिक सरोकारों, शिक्षा, खेल एवं विशिष्ट सेवाओं हेतु समाज की विभूतियों का सम्मान किया गया। भारत प्रकाश श्रीमाली को सामाजिक सरोकार एवं मन्दिर निर्माण में सक्रिय सहयोग करने के लिए सम्मानित किया।

21 मार्च से आंशिक नहरबंदी

बीकानेर, (कासं)। पंजाब में करीब 16 किमी अधूरी राजस्थान नहर की मरम्मत 21 मार्च से शुरू होगी। इसके लिए पंजाब राजस्थान कैनाल में 60 दिन की नहरबंदी 21 मार्च से लेगा जो 20 मई तक चलेगी।

फिर भी 21 मार्च से 20 अप्रैल तक पीने लायक करीब 2000 क्यूसेक पानी मिलता रहेगा। 21 अप्रैल से नहर में पूरी तरह पानी बंद हो जायेगा और एक महीने तक जमा पानी से ही काम चलाना होगा।

प्रारूप-10 [नियम 6 (7) देखिए]
कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी नगरपालिका सूरतगढ़
क्रमांक: 4247 लोक सूचना दिनांक : 09.02.2026
श्री परसाराम पुत्र श्री खेताराम जाति मेघवाल निवासी वार्ड नं. 07, बीकानेर रोड, सूरतगढ़ जिला श्रीगंगानगर, कि नीचे अल्लिखित भूमि का गैर-कृषिक प्रयोजन (शैक्षणिक संस्थान) के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात :-

जिले सहित तहसील का नाम	ग्राम का नाम	भूमि स्थान	क्षेत्र
तहसील सूरतगढ़	कस्बा सूरतगढ़	खसरा नं. 529/229 मिन 1 की 0.801 हैक्टेयर	0.801 हैक्टेयर यानि 8010 वर्गमीटर

इसलिए, इसके द्वारा समस्त सम्बधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 07 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 09.02.2026 को जारी की गयी। -प्राधिकारी अधिकारी, नगरपालिका सूरतगढ़

प्रारूप-10 [नियम 6 (7) देखिए]
कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी नगरपालिका सूरतगढ़
क्रमांक: 4254 लोक सूचना दिनांक : 09.02.2026
श्री गिरधारी शर्मा पुत्र श्री दुलीचंद शर्मा निवासी वार्ड नं. 18, पीलीबंगा जिला हनुमानगढ़ कि नीचे अल्लिखित भूमि का गैर-कृषिक प्रयोजन (मिश्रित) के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात :-

जिले सहित तहसील का नाम	ग्राम का नाम	भूमि स्थान	क्षेत्र
तहसील सूरतगढ़	कस्बा सूरतगढ़	कस्बा सूरतगढ़ का खसरा नं. 328/2/14 की 0.063 हैक्टेयर	0.063 हैक्टेयर यानि 632.36 वर्गमीटर

इसलिए, इसके द्वारा समस्त सम्बधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 07 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज ..... को जारी की गयी। -प्राधिकारी अधिकारी, नगरपालिका सूरतगढ़